भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखति प्रश्न संख्या: 35
सोमवार, 20 जुलाई, 2026 (29 आषाढ़, 1948, (शक((को दिया जाने वाला
उत्तर

कलबुरगि विमानपत्तन के लिए हवाई संपर्क सुविधा

35. **श्री मल्लिकार्जुन खरगेः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि इंडिगो ने मुंबई-कलबुरगि मार्ग पर उड़ान संचालित करने की मंशा व्यक्त की है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसमें विलंब होने के क्या कारण है;

(ग) कलबुरगि से बेंगलुरु, दिल्ली तथा मुंबई कनेक्टिविटी सहित नए मार्गों पर उड़ान सेवाएं प्रारंभ करने के संबंध में विचाराधीन प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;

(घ) इन सेवाओं के प्रारंभ किए जाने की समय-सीमा सहित तत्संबंबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) दो अतिरिक्त विमान पार्किंग बे के प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति, जिसमें विलंब के कारण और अनुमोदन की संभावित समय-सीमा शामिल है, का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क(से)घ(: वर्तमान में बेंगलुरु हवाईअड्डे से/के लिए मेसर्स स्टार एयर प्रति सप्ताह 14 उड़ानें परिचालित करती है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पास कलबुरगि हवाईअड्डे से उड़ानों के परिचालन के लिए किसी भी एयरलाइन से कोई स्लॉट अनुरोध लंबित नहीं है।

मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ, भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को विनियमनमुक्त कर दिया गया था। एयरलाइनें किसी भी प्रकार के विमान के साथ क्षमता शामिल करने और सेवा प्रदान करने हेतु स्वेच्छा से बाजार और मार्ग निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र हैं। तदनुसार, किसी भी मार्ग पर हवाई सेवाओं की शुरुआत बाजार की मांग, परिचालन और वाणिज्यिक व्यवहार्यता और उनकी कंपनी नीति के आधार पर संबंधित एयरलाइन का एक वाणिज्यिक निर्णय है।

)ङ(: हवाईअड्डों पर अवसंरचनाओं का आधुनिकीकरण और विकास भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा यातायात की मांग, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, परिचालन आवश्यकताओं, एयरलाइनों की मांग और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर पूरा की जाने वाली एक सतत प्रक्रिया है। विकास कार्य, सुरक्षा आवश्यकताओं और परिचालित करने हेतु विमान के प्रकार पर विचार करने के बाद चरणबद्ध तरीके से प्रारंभ किए जाते हैं।

******